श्री बंशीधर नगर सोमवार

01.06.2026

अधिक ज्येष्ठ कृष्णपक्ष प्रतिपदा संवत 2084

वर्ष : 04, अंक : 278


**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:08 बजे
अस्त - 06:35 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...





डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



सरस्वतिया नदी की सफाई कार्य शुरू >> पेज 03 आलिया-शरवरी की 'अल्फा' के लिए यशराज... >> पेज 05


## सुविचार

दूसरों को छोटी-छोटी ज़िन्दगी जीने दो, लेकिन तुम नहीं। दूसरों को छोटी-छोटी बातों पर बहस करने दो, लेकिन तुम नहीं।

## न्यूज अपडेट्स

### गौ माता को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग को लेकर मुस्लिम समाज की पदयात्रा




**जयपुर।** गोमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने तथा गौ हत्या और गौ तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर रविवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने जयपुर में विशाल पदयात्रा निकाली। पार्षद अजहरुद्दीन, आफताब गोरान, जीशान पठान, पठान मस्जिद कुरैशी, अरशद खान, एहसान खान और अयूब खान के नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान युवाओं ने गोमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दो, गोहत्या बंद करो, गोतस्करी बंद करो और गोमाता के हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाए। रैली में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग, युवा और गौभक्त शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास भी पदयात्रा में शामिल हुए। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा और मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। खाचरियावास ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाने और वोट मांगने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के हजारों लोग आज गोरक्षा और गौ माता के सम्मान के लिए सड़कों पर उतरे हैं, जो समाज की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा वास्तव में गोरक्षा को लेकर गंभीर है तो उसे गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

**मन की बात** — प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय एथलीटों, सांस्कृतिक धरोहर की सराहना की

# गर्मी में सावधानी बरतने की अपील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में खेल क्षेत्र में युवाओं के शानदार प्रदर्शन, प्राचीन सांस्कृतिक संपदा की वापसी, ग्रीष्मकालीन आम की विविधता, पारंपरिक देसी पेय पदार्थों, युवाओं में खगोल विज्ञान के प्रति बढ़ते उत्साह, सैनिक कल्याण में नागरिकों के योगदान, नदियों की सफाई और वन्यजीव संरक्षण जैसे अनेक प्रेरक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने इन मुद्दों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक प्रयासों की भावना को भी सराहा।




प्रधानमंत्री मोदी ने लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड की शुरूआत खेल उपलब्धियों से की। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड की राजधानी रांची में हाल ही में आयोजित नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब 800 एथलीटों ने भाग लिया और चार अलग-अलग स्पधाओं में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किए। प्रधानमंत्री ने गुरिंदरवीर सिंह, विशाल टीके, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार जैसे खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की विशेष सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 मीटर दौड़ की स्पर्धा में महज दो दिनों के भीतर पुरुष वर्ग में यह राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन बार टूटा, जो एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर ने यह रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस प्रदर्शन की चर्चा हो रही है और ऐसी सफलताएं न केवल खिलाड़ियों को बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी खेल के प्रति प्रेरित कर रही हैं। उनकी मेहनत और समर्पण भारत के खेल भविष्य को उज्ज्वल बना रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने दोनों एथलीटों से बातचीत भी की।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में अपनी हालिया यूरोपीय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड्स में एक विशेष समारोह में चोल काल की प्राचीन ताम्र पट्टिकाएं भारत को वापस लौटाई गईं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री भी मौजूद थे। इनमें 21 बड़ी और तीन छोटी ताम्र पट्टिकाएं शामिल हैं, जो मुख्य रूप से राजा राजेंद्र चोल प्रथम द्वारा अपने पिता राजराजा चोल के एक वचन को पूरा करने से संबंधित हैं। इन पट्टिकाओं में आनइमंगलम गांव को बौद्ध विहार को दिए गए दान का उल्लेख है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन ताम्र पट्टिकाओं से चोल वंश की विशाल समुद्री शक्ति, दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न देशों के साथ उनके मजबूत व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंध तथा साम्राज्य की समृद्ध विरासत की जानकारी मिलती है। इस घटना से देशभर में गर्व की लहर दौड़ गई है और खासकर तमिल समुदाय में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। देश-विदेश से लगातार संदेश आ रहे हैं, जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर के प्रति लोगों की गहरी लगाव को दशार्ते हैं।

प्रधानमंत्री ने आम को हर भारतीय घर की पहचान बताते हुए विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध आम किस्मों का विस्तृत जिक्र किया। उन्होंने महाराष्ट्र और कोंकण के हापुस व अलफांसो, गुजरात के केसर, उत्तर प्रदेश के दशहरी और काशी के लंगड़ा, बिहार के जदालू, चौसा और मालदा, दक्षिण भारत के बंगनपल्ली, तोतापुरी, नीलम, मलगोवा, बंगाल के हिमसागर तथा ओडिशा-आंध्र प्रदेश के सुवर्णरेखा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जगह-जगह आम का स्वाद, रंग और खुशबू बदल जाती है, लेकिन यह हमेशा गर्मियों की खुशियां लेकर आता है। आम उत्पादक किसान भाई-बहनें न केवल देश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रहे हैं बल्कि वैश्विक बाजार तक भारतीय आम की पहुंच बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री ने गर्मी की बढ़ती तीव्रता में देशवासियों से सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि तेज धूप और लू में लोग ज्यादा पानी पिएं, धूप से बचाव करें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर भारत में आम पन्ना, पंजाब-हरियाणा में ठंडी लस्सी, राजस्थान-गुजरात में छाछ, बिहार-झारखंड में सत्तू का शरबत, कोंकण-गोवा में कोकम शरबत और सोल कढ़ी तथा दक्षिण भारत में पानकम, नीर मोर, सम्बारम और ओडिशा में बेल पना जैसे पेयों का भी जिक्र करते हुए इन पेयों को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि ये पीढ़ियों के अनुभव पर आधारित हैं तथा स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हैं। प्रधानमंत्री कहा कि आजकल बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक एस्ट्रोनॉमी क्लब सक्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खगोल विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के प्रयासों और खगोल मण्डल टीम द्वारा शुरू किए गए 30 घंटे के इनोवेटिव कोर्स की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु की शिक्षिका गिरिजा अम्मा जी की देशभक्ति की मिसाल देते हुए कहा कि वह 15 स्कूल चलाती हैं। मन की बात से प्रेरित होकर उन्होंने अपने छात्रों को प्रोत्साहित किया और हर छात्र से प्रतिदिन एक रुपये का योगदान लेकर सैनिक कल्याण के लिए करीब 40 लाख रुपये जुटाए। गिरिजा अम्मा जी ने इस राशि का चेक उन्हें सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने गिरिजा अम्मा जी और उनके छात्रों की इस पहल की खूब सराहना की।

## पश्चिम बंगाल में आज होगा मंत्रिमंडल विस्तार, 35 नए मंत्री लेंगे शपथ : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन सोमवार को होने जा रहा है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि मंत्रिमंडल विस्तार के तहत 35 नए मंत्री शपथ ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी संदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता के जनादेश से बनी सरकार का पूर्ण मंत्रिमंडल सोमवार को आकार लेगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे लोक भवन में आयोजित समारोह में 35 मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल आरएन रवि उन्हें शपथ दिलाएंगे। गौरतलब है कि, चार मई को हुए सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार राज्य में भाजपा की सरकार बनी थी। इसके बाद 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पद की शपथ ली थी। उनके साथ पांच अन्य मंत्रियों दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, निसिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम टुडू ने भी शपथ ग्रहण किया था। तभी से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा जारी थी। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने नई दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ अलग-अलग बैठकें की थीं। इसके बाद मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हो गई थीं। अब जून के पहले दिन इस प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वर्तमान में मुख्यमंत्री सहित राज्य मंत्रिमंडल में छह सदस्य हैं। सोमवार को 35 नए मंत्रियों के शामिल होने के बाद मंत्रिमंडल की कुल संख्या 41 हो जाएगी। संविधान के प्रावधानों के अनुसार, किसी राज्य में मंत्रियों की संख्या विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। 294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा में अधिकतम 44 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

## सांसद अभिषेक बनर्जी की भर्ती को लेकर बढ़ा विवाद, ममता के वीडियो से सियासी तूफान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में उस समय नया विवाद खड़ा हो गया, जब तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को अस्पताल में भर्ती नहीं किए जाने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी का एक वीडियो सामने आया। वीडियो में अभिषेक बनर्जी को भर्ती नहीं किए जाने पर ममता बनर्जी बेल व्यू क्लिनिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप टंडन पर आरोप लगाते दिखाई दे रही हैं। वीडियो के सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि जिस मामले में ममता बनर्जी ने शनिवार रात अस्पताल प्रबंधन पर भाजपा और पुलिस अधिकारियों के दबाव का आरोप लगाया था, उसी मामले में अब वह स्वयं अस्पताल के शीर्ष अधिकारी पर दबाव बनाती नजर आ रही हैं। भाजपा विधायक तरुण ज्योति तिवारी ने वीडियो साझा करते हुए ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री लंबे समय से झूठ की राजनीति करती रही हैं और विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद उनका रवैया नहीं बदला है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई एक घटना के बाद अभिषेक बनर्जी को पहले कोलकाता के अपोलो अस्पताल ले जाया गया था। वहां चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती करने की आवश्यकता नहीं बताई। इसके बाद उन्हें बेल व्यू क्लिनिक ले जाया गया। शनिवार रात अस्पताल के बाहर मीडिया से बातचीत में ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि बेल व्यू क्लिनिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप टंडन पर दक्षिण कोलकाता के पुलिस उपायुक्त ने दबाव बनाया और भाजपा के प्रभाव में अभिषेक को भर्ती नहीं किया गया। हालांकि, रविवार को सामने आए वीडियो के बाद भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी का कहना है कि यदि चिकित्सकों ने चिकित्सकीय आधार पर भर्ती की आवश्यकता नहीं समझी, तो अस्पताल प्रशासन पर किसी भी प्रकार का दबाव बनाना उचित नहीं था। इस बीच, बेल व्यू क्लिनिक की मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया है कि 38 वर्षीय अभिषेक बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य थी। जांच में किसी गंभीर चोट के संकेत नहीं मिले और केवल छाती पर हल्की चोट का उल्लेख किया गया। चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती करने की आवश्यकता नहीं बताई तथा कुछ दिनों तक आराम और दवा लेने की सलाह दी।

**तीसरे सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कार्यभार संभाला, कहा**

# संगठनात्मक सुधार पर मुख्य फोकस होगा

**नई दिल्ली।** देश के तीसरे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के तौर पर जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नए सीडीएस ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संगठनात्मक सुधार पर मुख्य फोकस होगा। आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा केंद्रीय स्तंभ है। हम अपने सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी हथियारों का विकास कर-के उन्हें सेवा में तेजी से शामिल करेंगे। सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा, "चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का चार्ज संभालकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आर्म्ड फोर्सेज पर दिखाए गए भरोसे के लिए हम देश के आभारी हैं। सोच और काम में इनोवेशन हमारी काबिलियत को बढ़ाएगा। मिलिट्री, इंडस्ट्री, एकेडेमिया, स्टार्टअप्स और रिसर्च इकोसिस्टम के बीच ज्यादा सहयोग मॉडर्नाइजेशन के लिए मुख्य वजह होगा। हमारे सशस्त्र बलों ने हमारे देश के हितों की रक्षा करने में लगातार व्यावसायिकता और परिचालन फैसले लेने की क्षमता



दिखाई है। हम अपने देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" उन्होंने पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान का इस सफर में उनके शानदार नेतृत्व और योगदान के लिए दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा, "हम अपने सैनिकों, नाविकों और एयर वॉरियर्स के साहस और व्यावसायिकता को मानते हैं। उनकी ट्रेनिंग और भलाई हमारी सबसे पहली प्राथमिकता होगी। हम उम्मीद करते हैं कि हम अपने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि देंगे, जिनकी बहादुरी, बलिदान और देश के प्रति समर्पण हमें प्रेरणा देता रहता है। हम अपने वेटरन्स और वीर नारियों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारत के नागरिकों को भरोसा दिलाया कि सशस्त्र बल समर्पण, साहस, सम्मान और व्यावसायिकता के साथ देश की सेवा करते रहेंगे।" केंद्र सरकार ने 1 जनवरी, 2020 को तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीडीएस) का पद सृजित किया था। इसके बाद जनरल बिपिन रावत भारत के पहले सीडीएस बने। उनका कार्यकाल 1 जनवरी, 2020 से 8 दिसंबर, 2021 तक रहा था। केरल के कन्नूर में 8 दिसंबर को एक दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में जनरल बिपिन रावत का निधन हो गया । इसके बाद 9 दिसंबर, 2021 से 29 सितंबर 2022 तक यह पद रिक्त रहा। फिर जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) को दूसरे सीडीएस के रूप में 30 सितंबर, 2022 को नियुक्त किया गया। उनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो गया, जिसके बाद अब तीसरे सीडीएस के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को यह अहम जिम्मेदारी दी गई है।

# डोरंडा में तनवीर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, पुलिस ने दो आरोपितों को किया गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में हुए तनवीर अंसारी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है और वारदात में इस्तेमाल किए गए बुलेट के लोहे के लेग गार्ड को भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, फिरदौस नगर मनीटोला निवासी खतीजा खातून की शिकायत पर 26 मई को डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि उनके पति तनवीर अंसारी के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। बाद में रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जिसके बाद मामला हत्या में बदल गया। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि तनवीर अंसारी और मुख्य आरोपित जावेद अख्तर के परिवारों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार कहासुनी और झगड़े की घटनाएं हो चुकी थीं।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि 26 मई की सुबह जावेद अख्तर और मोहम्मद इजाज अपने घर के पास मौजूद थे। उसी दौरान तनवीर अंसारी बाइक से वहां पहुंचा। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और मामला बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया।

आरोप है कि जावेद अख्तर ने बाइक के लोहे के लेग गार्ड से तनवीर अंसारी पर पीछे से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद भी उनके साथ मारपीट की गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों जावेद अख्तर और मो. इजाज को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दीपिका ने रविवार को बताया कि शुरूआती जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दोनों परिवारों के बीच पुराना विवाद ही इस घटना की मुख्य वजह बना। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## न्यूज अपडेट्स

### इरफान अंसारी ने अभिषेक बनर्जी के बेहतर इलाज के लिए झारखंड आने का दिया प्रस्ताव

रांची। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आग्रह किया है कि वह अपने घायल भतीजे अभिषेक बनर्जी को बेहतर चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के लिए झारखंड भेजें। उन्होंने अभिषेक बनर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार अभिषेक बनर्जी को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संवेदनशील है और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करेगी। डॉ. अंसारी ने अभिषेक बनर्जी के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार के दबाव, भय अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई हुई है या उपचार में कोई बाधा उत्पन्न हुई है, तो इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद और वैचारिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि की सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जा सकता। राजनीतिक संघर्ष अपनी जगह है, लेकिन किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन को प्रभावित करने वाली परिस्थितियां गंभीर चिंता का विषय हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के परस्पर सम्मान तथा संवैधानिक मूल्यों के पालन पर आधारित होती है।

**भाजपा** ▶ **भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात**

# रांची में हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता की चर्चा

बंशीधर न्यूज




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 134वें एपिसोड की शुरूआत झारखंड की राजधानी रांची से की। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को लेकर प्रधानमंत्री ने दो एथलीटों की सराहना की, जिससे स्थानीय भाजपा कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। मई के अंतिम रविवार को प्रसारित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने रांची में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का जिक्र करते हुए कहा कि दो दिनों में 100 मीटर दौड़ में तीन बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने। उन्होंने एथलीट गुरिंदर और अनिमेष की प्रशंसा की और दोनों से सीधे बातचीत की। गुरिंदर ने प्रधानमंत्री को अपनी सफलता के पीछे के संघर्ष की कहानी सुनाते हुए कहा कि जीवन में तकलीफें आएंगी, लेकिन ऊंचे सपने देखना नहीं छोड़ना चाहिए। अनिमेष ने बताया कि शुरूआत में एथलेटिक्स चुनने को लेकर झिझक थी, लेकिन अब उन्हें विश्वास है कि भारतीय एथलीट भी 100 मीटर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बना सकते हैं और पदक जीत सकते हैं। दोनों ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए चयन होने की जानकारी भी दी। दोनों एथलीट आपस में अच्छे मित्र हैं। प्रधानमंत्री से बातचीत में उन्होंने बताया कि वे एक-दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ में लगे रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे की मदद भी करते हैं। गुरिंदर और अनिमेष ने कहा कि हम ग्राउंड के बाहर दोस्त और ट्रैक पर प्रतिस्पर्धी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी इस स्वस्थ स्पर्धा की सराहना की और कहा कि दोनों देश का नाम रोशन करेंगे।

रांची के हरमू स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 134 वें संस्करण को पूरे उत्साह के साथ सुना।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मौजूद थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री हर बार देशवासियों को कई प्रकार की प्रेरणादायी बातें बताते हैं। रविवार के कार्यक्रम में उन्होंने बढ़ती गर्मी और हीटवेव की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए देशवासियों से सतर्क एवं सजग रहने का आग्रह किया। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, स्वयं को हाइड्रेट रखने, जरूरतमंद लोगों की सहायता करने एवं पशु-पक्षियों के लिए भी जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का संदेश दिया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में रांची में आयोजित नेशनल फेडरेशन कप में भारतीय एथलीट गुरिंदरवीर सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख कर सामान्य और मध्यमवर्गीय परिवारों से आने वाले खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर भी बल दिया। पत्रकारों से बातचीत में बाबूलाल मरांडी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह घटना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि इस घटना से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के 06 और 07 जून को रांची दौरे को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह दौरा पहले से तय है और इसका राज्यसभा चुनाव से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्यसभा चुनाव को लेकर स्थानीय स्तर पर बैठक हुई है और केंद्रीय नेतृत्व अंतिम फैसला लेगा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाऊरी एवं मनोज सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रांची से लापता मां-बेटी बिहार के आरा से सकुशल बरामद, फिरौती कॉल की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस



**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा क्षेत्र से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई मां-बेटी को पुलिस ने बिहार के आरा जिले से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों के गायब होने के बाद परिजनों से एक लाख रुपये की फिरौती मांगे जाने के कारण मामला और अधिक गंभीर हो गया था। अब मां-बेटी के सुरक्षित मिलने के बाद पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कर रही है। दरअसल, झारखंड पुलिस में कार्यरत सुधीर कुमार सिंह की पत्नी सुनीता देवी और उनकी 19 वर्षीय बेटी काजल कुमारी शनिवार को अचानक लापता हो गई थीं। दोनों के एक साथ गायब होने से परिवार में चिंता का माहौल बन गया था। परिजनों ने उनकी तलाश के लिए पोस्टर भी जारी किए थे और लोगों से सूचना देने की अपील की थी। मामले को लेकर सुधीर कुमार सिंह ने धुर्वा थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत मिलते ही जांच शुरू कर दी और दोनों की तलाश के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए गए। इसी दौरान एक नया मोड़ तब आया, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सुधीर कुमार सिंह और उनके बेटे से एक लाख रुपये की फिरौती की मांग की। लगातार आ रहे इन फोन कॉल्स ने मामले को अपहरण की आशंका से जोड़ दिया था। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर रही है, जिससे फिरौती की मांग की गई थी। हटिया पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार ने रविवार को बताया कि मां-बेटी को बिहार के आरा जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में अपहरण की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों किन परिस्थितियों में रांची से आरा पहुंचीं और इस पूरे घटनाक्रम के पीछे क्या कारण थे। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया है कि हाल के दिनों में मां और बेटी साइबर ठगी का शिकार हुई थीं। बताया गया है कि साइबर अपराधियों ने उन्हें ब्लैकमेल कर लगभग 80 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस इस पहलू को भी गंभीरता से जांच के दायरे में रखे हुए है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं इस घटना का संबंध साइबर अपराधियों या किसी अन्य संगठित साजिश से तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मां-बेटी के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और सभी तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। फिलहाल दोनों सुरक्षित हैं और मामले की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।

## भाजपा के आरोप निराधार व राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित : विनोद पांडेय

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राज्य सरकार पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों को निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, जिससे विपक्षी दलों में बेचैनी बढ़ी है और वे सरकार के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। इसके बावजूद भाजपा जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है और भ्रामक माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर आरोप लगाने से पहले भाजपा को केंद्र सरकार की नीतियों और उनके प्रभावों पर भी जवाब देना चाहिए। उनके अनुसार भाजपा के नेता और प्रवक्ता विभिन्न आंकड़ों और दावों के माध्यम से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि वास्तविक जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने से बच रहे हैं।

**निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन का आदिवासियों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने देंगे : बंधु**

# आरक्षित विस व लोस सीटों में कटौती स्वीकार नहीं

**रांची।** रांची प्रेस क्लब सभागार में रविवार को परिसीमन का आदिवासी समाज पर प्रभाव और संभावित समाधान विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, कानूनी विशेषज्ञों और विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं परिसीमन के संभावित प्रभावों पर गंभीर मंथन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का आदिवासी समाज पर कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि परिसीमन की प्रक्रिया के माध्यम से अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या में कटौती करने का कोई प्रयास किया गया तो उसका पुरजोर लोकतांत्रिक विरोध किया जाएगा।



परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि परिसीमन को केवल निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया के रूप में नहीं देखा जा सकता। झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य में यह विषय सीधे-सीधे अनुसूचित जनजातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संवैधानिक अधिकारों, पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों की सुरक्षा और लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि यदि परिसीमन प्रक्रिया में केवल जनसंख्या को आधार बनाया गया तो आदिवासी बहुल क्षेत्रों की राजनीतिक हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है, जिससे संविधान की ओर से प्रदत्त प्रतिनिधित्व की भावना कमजोर पड़ने का खतरा उत्पन्न होगा। लोकतंत्र का उद्देश्य केवल संख्या आधारित प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि ऐतिहासिक रूप से वंचित और संवेदनशील समुदायों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना भी है। सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि यह चिंता कोई काल्पनिक आशंका नहीं है। वर्ष 2002 में गठित परिसीमन आयोग ने 2001 की जनगणना के आधार पर झारखंड में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों में कटौती का प्रस्ताव दिया था। आयोग की अनुशंसा के अनुसार विधानसभा में एसटी आरक्षित सीटों की संख्या 28 से घटाकर 22 और लोकसभा में 05 से घटाकर 04 करने का सुझाव दिया गया था। इस प्रस्ताव के विरुद्ध पूरे झारखंड में व्यापक जनआंदोलन खड़ा हुआ। आदिवासी समाज, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया और यह सवाल उठाया गया कि विकास परियोजनाओं, विस्थापन, पलायन एवं ऐतिहासिक उपेक्षा का दंश झेल रहे समुदाय को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कटौती की सजा क्यों दी जाए। आंदोलन के दबाव और जनभावनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया।

### सेमिनार से उभरीं प्रमुख मांगें

-झारखंड में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित विधानसभा एवं लोकसभा सीटों में किसी भी प्रकार की कटौती स्वीकार नहीं की जाएगी।

-यदि भविष्य में लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाई जाती है तो अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या भी समानुपातिक रूप से बढ़ाई जाए।

-पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों की भौगोलिक, सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को सुरक्षित रखते हुए परिसीमन किया जाए।



# श्री बंशीधर नगर : अनिल सर्विस सेंटर में लगी आग, सामान जलकर राख

### आगजनी में 6 लाख तक के नुकसान का अनुमान

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** शहर के चेचरिया स्थित डॉ सिद्धनाथ प्रसाद के क्लिनिक के सामने संचालित अनिल सर्विस सेंटर में रविवार तड़के भीषण आग लगने से सेंटर जलकर खाक हो गया। घटना में करीब 5 से 6 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सर्विस सेंटर के संचालक अनिल दास ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। आग लगने के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते सर्विस सेंटर में रखे बाईक के पार्ट्स, स्पेयर पार्ट्स, ग्रीस समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही वह घर से दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी और पूरे सेंटर को अपनी चपेट में ले चुकी थी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुये आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जुट गई और देर तक आग की चर्चा होती रही। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की जांच के बाद ही वास्तविक कारण सामने आ सकेगा। घटना से आहत अनिल दास ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। उधर घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष साधना देवी ने मौके पर पहुंच कर पीड़ित दुकानदार से मुलाकात कर हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

## न्यूज अपडेट्स

### धुएं से आजादी कविता के जरिए अभियान निदेशक ने दिया नशामुक्त झारखंड का संदेश

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की ओर से रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस-2026 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने धुएं से आजादी शीर्षक कविता प्रस्तुत कर तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। युवाओं से नशामुक्त जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रतिवर्ष 35 से 40 हजार कैंसर मरीजों की पहचान होती है, जिनमें 40 से 45 प्रतिशत मरीज मुख कैंसर से प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन मुख कैंसर का प्रमुख कारण है और जागरूकता के माध्यम से इस चुनौती को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसके लिए होल ऑफ गवर्नमेंट और होल ऑफ सोसाइटी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बताया गया कि राज्य के 1680 विद्यालयों में तंबाकू जागरूकता अभियान चलाया गया और विभिन्न विभागों के सहयोग से 282 प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इसके अलावा 2.08 लाख से अधिक लोगों की तंबाकू त्याग काउंसिलिंग और 43 हजार से अधिक लोगों को उपचार सहायता उपलब्ध कराई गई।

## मेराल नदी सफाई व डी-सिल्टिंग कार्य का शुभारंभ

# सरस्वतिया नदी की सफाई कार्य शुरू

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** सदर एसडीएम संजय कुमार की पहल पर संचालित आपन सरस्वतिया अभियान के विस्तार के तहत मेराल प्रखंड में सरस्वतिया नदी की सफाई एवं डी-सिल्टिंग (गाद हटाने) कार्य का शुभारंभ किया गया। सीओ यशवंत नायक के नेतृत्व में स्थानीय बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर अभियान की शुरुआत की। अभियान के दौरान नदी क्षेत्र में जमा कचरे की सफाई की गई तथा नदी के तल में जमी गाद को हटाने का कार्य शुरू किया गया। काफी संख्या में लोगों ने श्रमदान करते हुये नदी के प्राकृतिक स्वरूप को पुनर्जीवित करने और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि सरस्वतिया नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक, सामाजिक और प्राकृतिक धरोहर है। इसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है। अभियान के शुभारंभ से पूर्व उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान नदी को स्वच्छ, अतिक्रमण मुक्त एवं अविरल बनाये रखने के लिये सामूहिक संकल्प भी लिया गया। सीओ ने कहा कि जनसहभागिता से चलने वाले ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव का आधार बनते हैं। उन्होंने लोगों से निरंतर अभियान से जुड़े रहने और नदी संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आम जनता के संयुक्त प्रयास से सरस्वतिया नदी को उसका पुराना स्वरूप लौटाने की दिशा में सार्थक परिणाम सामने आएंगे। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, मुखिया प्रतिनिधि मुन्नाराम, पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय भगत, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन, समाजसेवी अतहर अली अंसारी, धनंजय चौधरी, मनोज जायसवाल, रोहित कुमार, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, यासिन अंसारी, मोबिन अंसारी, रूपू महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## तंबाकू मुक्त समाज निर्माण के लिये जागरूकता जरूरी : डॉ अभिषेक

बंशीधर न्यूज



**रमना :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा इसके बढ़ते उपयोग पर रोक लगाने के लिये प्रेरित करना था। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अभिषेक ने कहा कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिये अत्यंत हानिकारक है और इसके सेवन से कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के कारण कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी और अन्य कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिये लोगों को इसके सेवन से बचना चाहिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। यदि युवा वर्ग तंबाकू और इससे जुड़े उत्पादों से दूरी बनाये रखे तो समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त जीवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि परिवार और समाज में भी सुख, शांति और खुशहाली लाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को तंबाकू छोड़ने के लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी से अपील की गई कि वे स्वयं तंबाकू सेवन से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके नुकसान के बारे में जागरूक करें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तंबाकू नियंत्रण से जुड़े विभिन्न संदेशों का भी प्रसार किया गया। मौके पर बीएएम राजीव रंजन सहित स्वास्थ्यकर्मी एवं स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

## आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति से जीवन को मिलती है सही दिशा : वरुण तिवारी



**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज के पथरही गांव में आयोजित रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ के 17वें एवं अंतिम अधिवेशन पर भक्ति जागरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता वरुण तिवारी, रुद्र शुक्ल, मुखिया जुली सिंह, डब्ल्यू राय एवं राजन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। वरुण तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति लोगों के जीवन को सही दिशा देने के साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में यज्ञ समिति एवं सनातन धर्म सभा के कार्यों की सराहना की गई तथा समिति के पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। वहीं भक्ति गायक उमाशंकर मिश्रा ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर शिवशंकर पासवान, बजरंगी सोनी, सुरेंद्र शुक्ल, ध्रुव दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मुखिया ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन



**रमना :** रमना पंचायत की मुखिया दुलारी देवी ने एसबीआई के समीप नवनिर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। यह मार्ग वर्षों से जलजमाव और नाली के बहते पानी के कारण लोगों के लिये परेशानी का कारण बना हुआ था। बरसात के दिनों में यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता था। मुखिया की पहल पर 15 वें वित्त आयोग मद से लगभग 3.50 लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया। स्थानीय लोगों ने इसे वर्षों पुरानी समस्या का समाधान बताते हुये खुशी जताई। मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि पंचायत में मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है और जनहित के कार्य आगे भी जारी रहेंगे। मौके पर मुंशी पासवान, सुनील कुमार गुप्ता, उपेंद्र यादव, निरंजन प्रसाद गुप्ता, प्यारी पासवान, राजू पासवान, सुशील पासवान सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## नशा मुक्ति, अशिक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मोहल्लेवासियों ने निकाला जागरूकता रैली



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय के गोसाईबाग में रविवार को नशा मुक्ति, अशिक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मोहल्लेवासियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे तथा सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुये। रैली के दौरान लोग घर मकान बनाना है, बाल-बच्चों को पढ़ाना है तो दारू-पानी छोड़ना होगा सहित विभिन्न जागरूकता संबंधी नारे लगा रहे थे। रैली गोसाईबाग के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी। इस दौरान लोगों से नशे से दूर रहने, बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने तथा सामाजिक बुराईयों के खिलाफ एकजुट होकर आगे आने की अपील की गई। जागरूकता रैली में शामिल लोगों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के विकास में बाधक हैं। विदित हो कि दो सप्ताह पूर्व मोहल्ले के युवाओं ने नशा और उससे उत्पन्न सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान शुरू किया था। इसे लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर शराब पीने, बनाने एवं बेचने का विरोध करने का सामूहिक निर्णय लिया था। ग्रामीणों ने नशे के कारण बढ़ रहे घरेलू कलह, आपसी विवाद तथा अपराध जैसी घटनाओं पर चिंता जताते हुये इसकी रोकथाम के लिये स्वयं पहल शुरू की है। जागरूकता रैली में विज्ञनी देवी, सुगंधा देवी, सीमा देवी, रेशमा देवी, गीत देवी, विंदा देवी, सुशीला देवी, उपेन्द्र पासवान, अनिल राम, जितेंद्र राम, गुड्डू पासवान, योगेंद्र कुमार, जगदीश राम, राजेंद्र राम, रितु पासवान, नंदू चौधरी, रामकिशन पासवान, अनुज कुमार चंद्रवंशी सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## श्री रामलला मंदिर में डॉ. मनीष सिंह ने लगाया वाटर कूलर

# श्रद्धालुओं को शीतल जल की सुविधा उपलब्ध

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले के सुप्रसिद्ध फिजिशियन डॉ मनीष कुमार सिंह ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये श्री रामलला मंदिर में वाटर कूलर मशीन उपलब्ध कराया है। उन्होंने मंदिर में दो-तीन दिनों में आरो मशीन भी लगवाने की बात कही है। डॉ मनीष सिंह द्वारा उपलब्ध कराये गये वाटर कूलर को रविवार को मंदिर परिसर में इंस्टॉल करा दिया गया। अब भीषण गर्मी में वाटर कूलर से श्रद्धालुओं को शीतल जल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। मशीन के इंस्टॉलेशन के दौरान मंदिर में पुजारी बैजनाथ तिवारी ने विधिवत भगवान विश्वकर्मा की पूजा एवं आरती की। इस मौके पर उपस्थित डॉ मनीष कुमार सिंह ने मशीन से निकल रहे शीतल जल का सेवन कर वाटर कूलर का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दो तीन दिनों के अंदर एक वाटर प्यूरीफायर भी मंदिर में लगवा देंगे। डॉ सिंह की इस सेवा भाव का सम्मान करते हुये श्री रामलला मंदिर समिति के उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह एवं सचिव धनंजय सिंह ने उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ भगवान श्रीराम लला से डॉ श्री सिंह को सदैव स्वस्थ्य रखने एवं उनकी समाज सेवा की भावना को और मजबूत बनाये रखने की कामना की। उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह के कहा कि डॉ मनीष सिंह के सहयोग से सैकड़ों श्रद्धालुओं को शीतल जल मिलेगा। वहीं सचिव धनंजय ने कहा कि डॉ मनीष बाबू मंदिर के विकास के लिये सदैव तत्पर रहते हैं। ईश्वर उन्हें और समर्थ बनाये। समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय जी के निर्देशन में मंदिर की सुरक्षा के लिये मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं। पुराने भवनों की मरम्मत और मंदिर में अन्य विकास के कार्य भी किए जा रहे हैं। इस मौके पर डॉ मनीष सिंह ने वाटर कूलर मशीन इंस्टॉल करने वाले प्रिंस कुमार राजन एवं उनके सहयोगियों को भी अंग वस्त्र प्रदान के सम्मानित किया।



# रंका पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन मामलों में सात आरोपी गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज

**रंका :** पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुये तीन अलग-अलग कांडों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजते हुये न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रंका थाना कांड संख्या 74/26 में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में मोसाफिर अंसारी, जाफीर अंसारी उर्फ जाबीर अंसारी, रेयाजुद्दीन अंसारी तथा अली अंसारी शामिल हैं। सभी आरोपी सोनपुरवा गांव, थाना रंका के निवासी बताये गये हैं। वहीं रंका थाना कांड संख्या 75/26 में दर्ज मामले में पुलिस ने दो आरोपियों तौफिक अंसारी और रहीस अंसारी को गिरफ्तार किया है। दोनों भी सोनपुरवा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद दोनों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा रंका थाना कांड संख्या 76/26 में दर्ज एक गंभीर मामले में पुलिस ने सुजित भुईंया नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं एवं पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। आरोपी चटकमान गांव का निवासी बताया गया है। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी आरोपियों का चिकित्सीय परीक्षण एवं अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### भूमि विवादों पर फूटा धीरज दुबे का गुस्सा, भू-माफियाओं पर कार्रवाई की मांग



**गढ़वा :** जिले में बढ़ते भूमि विवादों और भू-माफियाओं की सक्रियता को लेकर झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट धीरज दुबे ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने जिला प्रशासन से ऐसे मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारे की मांग करते हुये कहा कि भूमि विवाद अब केवल राजस्व विभाग का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द के लिये भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। धीरज दुबे ने कहा कि जिले में कुछ संगठित गिरोह जमीन को विवादित बनाकर वास्तविक भूमि मालिकों पर दबाव बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में महिलाओं को आगे कर जमीन पर दावा किया जाता है, जिससे जमीन मालिक मानसिक और सामाजिक रूप से परेशान हो जाते हैं। इसका फायदा उठाकर उनकी जमीन कम कीमत पर खरीदने की कोशिश की जाती है। ऐसे मामलों में गरीब और कमजोर वर्ग के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। उन्होंने भूमि अभिलेखों के ऑनलाईनकरण के दौरान हुई त्रुटियों को भी कई विवादों की वजह बताया। श्री दुबे ने कहा कि ऑनलाईन रिकॉर्ड तैयार करने के दौरान हुई तकनीकी और प्रशासनिक गलतियों के कारण कई लोगों की जमीन दूसरे के नाम दर्ज हो गई। इससे वर्षों पुराने स्वामित्व विवाद सामने आये और कई स्थानों पर तनाव की स्थिति भी बनी। झामुमो नेता ने आरोप लगाया कि जिले में भूमि कारोबार अब संगठित व्यवसाय का रूप ले चुका है। जमीन की बढ़ती कीमतों के कारण अवैध तरीके से खरीद-बिक्री और कब्जे के मामले बढ़े हैं।

## पलामू

### दिशा बैठक में सांसद ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# धान भुगतान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : वीडी राम

**दोषी पैक्स संचालकों का लाइसेंस होगा रद्द : वीडी राम**

**सड़कों की गुणवत्ता से समझौता नहीं करने की चेतावनी**

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने किसानों को पैक्स के माध्यम से बेचे गए धान का भुगतान समय पर नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के बकाया भुगतान में लापरवाही बरतने वाले पैक्स संचालकों का लाइसेंस रद्द कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। रविवार को श्री राम ने समाहरणालय सभागार में दिशा की बैठक में विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। धान खरीद एवं भुगतान की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और उनके भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीएमजीएसवाई के तहत निमार्णाधीन सड़कों की गुणवत्ता को लेकर मिली शिकायतों पर सांसद ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आम नागरिक भी खराब निर्माण कार्य की तस्वीर अपलोड कर भारत सरकार के मॉनिटरिंग एंड अकाउंटिंग सिस्टम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पाटन प्रखंड के कुमहवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय को पुनः संचालित करने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। डीएसई ने बताया कि प्रखंड शिक्षा समिति की रिपोर्ट लंबित रहने के कारण विद्यालय को दोबारा शुरू नहीं किया जा सका है। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 10 जून तक शिक्षा समिति की बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भवन निर्माण निगम द्वारा जनप्रतिनिधियों को सूचना दिए बिना बालक एवं बालिका छात्रावास निर्माण कार्य शुरू किए जाने पर सांसद एवं विधायकों ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विकास योजनाओं में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता एवं जानकारी सुनिश्चित किये जाने पर जोर दिया। सांसद ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने सरकारी मोबाइल नंबर सक्रिय रखने का निर्देश देते हुए कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों को अधिकारियों से संपर्क करने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई अधिकारियों के सरकारी नंबर बंद रहने की शिकायतें मिल रही हैं, जो प्रशासनिक जवाबदेही के विपरीत है।

बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसपी कपिल चौधरी, डीएफओ सत्यम कुमार, एसी कुंदन कुमार, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, विधायक संजय यादव के प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय, छतरपुर नपं के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, हुसैनाबाद के अजय कुमार भारती, सांसद के निजी सचिव अलख दूबे सहित समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गढ़वा नप अध्यक्ष दौलत सोनी ने मेराल में मोबाईल जोन का किया उद्घाटन

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष दौलत सोनी ने रविवार को मेराल बस स्टैंड में पिलर नंबर 29 के समीप नवीन मोबाईल एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान मोबाईल जोन का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री सोनी ने दुकान के प्रोपराईटर सूरज गुप्ता और उनके पिता मदन प्रसाद गुप्ता को नये व्यवसाय की शुरूआत के लिये बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। नये प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय स्तर पर लोगों को काफी सहूलियत होगी। दुकान संचालक सूरज गुप्ता ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मोबाईल जोन में ग्राहकों को मोबाईल फोन, मोबाईल एक्सेसरीज, रिचार्ज एवं अन्य डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने ग्राहकों को बेहतर सेवा एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने नये प्रतिष्ठान के सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। उत्साहपूर्ण माहौल में लोगों ने दुकान का अवलोकन कर संचालक को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व जिप सदस्य संजय भगत, अजय प्रसाद गुप्ता, सूर्य प्रकाश उर्फ सुड्डु, जहूर रंगसाज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रंगदारी और फायरिंग की साजिश नाकाम : एसपी

# राहुल सिंह गिरोह के चार सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर एक संभावित आपराधिक वारदात को होने से पहले ही विफल कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि हैदरनगर थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य करा रही डुअर्स कंस्ट्रक्शन कंपनी से रंगदारी वसूलने और दहशत फैलाने के उद्देश्य से गिरोह के सदस्य फायरिंग की योजना बना रहे थे।

एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (आईपीएस) दिव्यांश शुक्ला के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों अपराधियों को घटना को अंजाम देने से पहले ही धर दबोचा।

गिरफ्तार आरोपियों में विक्रांत सिंह उर्फ सिक्का ग्राम सिंह, संतोष राम, मधुकांत प्रजापति एवं विक्रम राम शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सड़क निर्माण कंपनी के प्रबंधन में भय का माहौल बनाकर रंगदारी वसूलने तथा निर्माण कार्य को बाधित करने की योजना बना रहे थे।

पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो 9 एमएम पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, छह मिसफायर कारतूस, एक खाली मैगजीन तथा चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी विक्रांत सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पूर्व में भी जेल जा चुका है।

कपिल चौधरी ने कहा कि अपराधियों को वारदात से पहले गिरफ्तार कर लेना पलामू पुलिस की बड़ी सफलता है। इससे न केवल एक गंभीर आपराधिक घटना टल गई, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने की साजिश भी नाकाम हुई।

इस मामले में हैदरनगर थाने में एफआईआर दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, गिरोह के अन्य सदस्यों, उसके वित्तीय नेटवर्क तथा संगठित आपराधिक गतिविधियों की गहन जांच जारी है।

छापेमारी दल में एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला, हैदरनगर थाना प्रभारी तंजीलुल मनान, देवरी ओपी प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह, आशीष कुमार, बशिष्ठ ठाकुर, रिजर्व गार्ड के सतीश विश्वकर्मा एवं संतोष पटेल शामिल थे।

## सीयूईटी एंड यूजी की अव्यवस्था पर भड़के झारखंड छात्र मोर्चा



**गढ़वा :** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा में सामने आई तकनीकी खामियों को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर तीखा हमला बोला है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष निशांत चतुवेर्दी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर परीक्षा व्यवस्था को छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुये जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। निशांत चतुवेर्दी ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित और परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीयूईटी-यूजी परीक्षा के दौरान हुई तकनीकी गड़बड़ी कोई सामान्य त्रुटि नहीं, बल्कि लाखों छात्रों के हितों के खिलाफ गंभीर लापरवाही का मामला है। उन्होंने दावा किया कि बायोमेट्रिक पंजीकरण के बावजूद हजारों छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर नहीं मिला और देशभर में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रह गये। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में घंटों तक परीक्षा केंद्रों के बाहर इंतजार करने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। केवल माफी मांग लेने से एजेंसी अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। यह छात्रों के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिस पर जवाबदेही तय होनी चाहिये। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नीट, एसएससी, सीबीएसई और अब सीयूईटी जैसी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही समस्याएं देश की परीक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं। परीक्षाओं के रद्द होने, पेपर लीक होने और तकनीकी अव्यवस्थाओं की घटनाएं युवाओं का विश्वास कमजोर कर रही हैं। उन्होंने मांग की कि परीक्षा संचालन में विफल एजेंसियों की जवाबदेही तय की जाय तथा छात्रों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाये जाएं। साथ ही उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जायेगा।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रंका :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अनुमंडल मुख्यालय स्थित व्यापार मंडल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने की। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस का उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके उपयोग को कम करने के लिये प्रभावी प्रयासों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उद्योग युवाओं को आकर्षित करने के लिये फ्लेवरयुक्त उत्पाद, आकर्षक पैकेजिंग और सोशल मीडिया जैसे माध्यमों का सहारा ले रहा है, जिससे तंबाकू सेवन को आधुनिक और फैशनेबल दिखाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन विश्व स्तर पर मृत्यु और गंभीर बीमारियों के सबसे बड़े रोके जा सकने वाले कारणों में शामिल है। इससे कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ई-सिगरेट, निकोटीन पाउच और सिंथेटिक निकोटीन जैसे उत्पादों को नये विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है, लेकिन इनके दुष्प्रभाव भी बेहद गंभीर हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक इसके सेवन से फेफड़ों का कैंसर, हृदयाघात, स्ट्रोक, मुंह का कैंसर तथा क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने युवाओं से तंबाकू और निकोटीन उत्पादों से दूर रहने की अपील करते हुये कहा कि तंबाकू कोई फैशन नहीं, बल्कि एक जानलेवा लत है। साथ ही तंबाकू मुक्त सार्वजनिक स्थलों के निर्माण और विद्यालयों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिये समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की। मौके पर समाजसेवी मोहित कुमार चौधरी, सोनू कुमार मद्धेशिया, सुनील कुमार मद्धेशिया, राजेश कुमार मद्धेशिया, मोहम्मद इजराफिल सिद्दीकी, राजू प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, सुजीत कुमार सोनी, संजय प्रसाद गुप्ता, राकेश कुमार चंद्रवंशी, सुदीप कुमार झा, एएसआई राजेश कुमार झा सहित काफी संख्या में व्यापारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



## पहले पोस्टर के साथ चर्चा में आई फिल्म 'काला हिरण'

अभिनेता सलमान खान से जुड़े चर्चित काले हिरण शिकार मामले पर आधारित फिल्म 'काला हिरण' का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। कोर्टरूम ड्रामा और क्राइम थ्रिलर के तत्वों से सजी यह फिल्म 1998 में जोधपुर में फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' की शूटिंग के दौरान हुए कथित काले हिरण शिकार प्रकरण और उसके बाद सामने आए कानूनी व सामाजिक घटनाक्रम को बड़े पर्दे पर पेश करेगी। पोस्टर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म के निमार्ता अमित जानी के अनुसार, कहानी में सलमान खान की गिरफ्तारी, जोधपुर जेल में बिताया गया समय, अदालत में चले मुकदमे और मामले से जुड़े विभिन्न विवादों को दिखाया जाएगा। इसके साथ ही फिल्म में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और सलमान खान के बीच वर्षों से चले आ रहे विवाद तथा बिश्नोई समाज की भावनाओं को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया है। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश के कई शहरों में की गई है और इसे वास्तविक घटनाओं से प्रेरित सिनेमाई प्रस्तुति के रूप में तैयार किया गया है। निमार्ताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 20 जून को रिलीज किया जाएगा। गौरतलब है कि काले हिरण शिकार मामला लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है और इसे लेकर कई कानूनी लड़ाइयां भी लड़ी गईं। फिल्म 'काला हिरण' इसी पूरे घटनाक्रम को एक नाटकीय और सिनेमाई रूप में दर्शकों के सामने लाने का दावा कर रही है।

## आलिया-शरवरी की 'अल्फा' के लिए यशराज का बड़ा दांव





यशराज फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित स्पाय यूनिवर्स फिल्म 'अल्फा' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ अभिनीत इस एक्शन थ्रिलर की रिलीज तारीख में एक बार फिर बदलाव की चर्चा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निमार्ता अब फिल्म को तय तारीख 10 जुलाई 2026 से पहले 3 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। यदि ऐसा होता है तो दर्शकों को फिल्म एक सप्ताह पहले देखने का मौका मिलेगा। बताया जा रहा है कि यशराज फिल्म्स बॉक्स ऑफिस पर आने वाली बड़ी फिल्मों की टक्कर से बचने के लिए यह रणनीतिक कदम उठा रहा है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में कई बड़ी फिल्मों के रिलीज होने की संभावना को देखते हुए स्टूडियो 'अल्फा' को पहले लाकर उसे लंबा और निर्बाध थिएटर रन देना चाहता है। इससे फिल्म को अजय देवगन की 'धमाल 4' और क्रिस्टोफर नोलन की 'द ओडिसी' जैसी चर्चित फिल्मों के आने से पहले मजबूत पकड़ बनाने का अवसर मिल सकता है। 'अल्फा' वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की पहली महिला-केंद्रित एक्शन फिल्म है, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी, जबकि बॉबी देओल खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की रिलीज तारीख में पिछले दो वर्षों के दौरान कई बदलाव हुए हैं। पहले इसे क्रिसमस 2025 पर रिलीज करने की योजना थी, जिसके बाद इसे अप्रैल 2026 और फिर 10 जुलाई 2026 तक आगे बढ़ाया गया। अब संभावित नई रिलीज तारीख को लेकर फैंस के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है।

## नेपाल दौरे पर आईं अमेरिकी उपविदेश मंत्री सारा बी. रोजर्स, पर्यटन से लेकर प्रौद्योगिकी सहयोग पर प्रतिबद्धता दोहराई




# तीन आश्रितों की नियुक्ति को मिली स्वीकृति

### जिला अनुकंपा समिति की बैठक

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के दिवंगत सरकारी कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान समिति के समक्ष प्रस्तुत तीन आवेदनों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता, अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच कराई। इसके अलावा मृत्यु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आवासीय एवं चरित्र प्रमाण पत्र, शपथ पत्र और विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों का भी परीक्षण किया गया। दस्तावेजों की जांच एवं पात्रता के मूल्यांकन के बाद समिति ने तीनों आवेदकों के दावों को उचित पाया। इसके उपरांत कृष्ण कन्हैया पाठक, संतोष कुमार पाल एवं शिवपूजन साहू के आवेदन स्वीकृत करते हुए उन्हें अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई। बैठक में डीसी ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य दिवंगत सरकारी कर्मियों के आश्रित परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करना है। ऐसे मामलों का समयबद्ध निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिये ताकि प्रभावित परिवारों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। डीसी ने स्थापना उपसमाहर्ता देवानंद राम को निर्देश देते हुये कहा कि जिला अनुकंपा समिति की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाय। उन्होंने लंबित मामलों की शीघ्र समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

## बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में खसरे से मई में 18 की मौत


**ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में खसरे से पीड़ित एक और बच्चे की मौत हो गई है। इस बच्चे की मौत के साथ फरीदपुर जिले में मई माह में ऐसी मौतों की संख्या बढ़कर 18 हो गई। मृतक तासिम झेनैदाह शहर के आसिम मिया का बेटा था। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल सूत्रों ने बताया कि तासिम को 29 मई को फरीदपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले 24 घंटों के दौरान इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फरीदपुर सिविल सर्जन कार्यालय के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 24 घंटों में जिले भर के सरकारी अस्पतालों में खसरे के लक्षणों वाले 91 नए मरीज भर्ती हुए। इसी अवधि के दौरान 45 मरीज ठीक होकर घर लौट गए। वर्तमान में जिले के विभिन्न अस्पतालों में 183 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें फरीदपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती 118 बच्चे भी शामिल हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि संक्रमित मरीजों में अधिकतर बच्चे हैं। फरीदपुर के सिविल सर्जन डॉ. महमूदुल हसन ने कहा कि सरकारी निदेशों के अनुसार जरूरी दवाएं, उपकरण और कर्मचारियों की व्यवस्था कर ली गई है।

## होर्मुज में संदिग्ध तैरती सुरंग मिलने से अलर्ट, ओमान ने जारी की चेतावनी



**मस्कट (ओमान)।** ओमान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक संदिग्ध तैरती हुई सुरंग (माइन) देखे जाने के बाद चेतावनी जारी की है। एजेंसी ने नाविकों, मछुआरों और जहाजों से कहा है कि वे इस क्षेत्र से गुजरते समय बेहद सावधानी बरतें। एक्स पर जारी बयान में कहा गया कि ओमान के समुद्री क्षेत्र में होर्मुज के पास एक ऐसी वस्तु देखी गई है, जिसके माइन होने की आशंका है। इसलिए सभी समुद्री उपयोगकताओं को सलाह दी गई है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और उसकी जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ओमान के अधिकारियों ने शनिवार को एक अलर्ट जारी किया। इसमें सभी जहाजों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई। ओमान के मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर ने दावा किया है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास ओमान के जलक्षेत्र में एक संदिग्ध तैरती हुई वस्तु (संभवतः नौसैनिक सुरंग) देखी गई है। यह वस्तु जलडमरूमध्य के इनशोर ट्रैफिक जोन के ठीक पश्चिम में दिखी है। सलाह दी गई है किसभी नाविक, मछुआरे और कमर्शियल जहाज इससे दूरी बनाकर गुजरें और तत्काल सूचित करें। ओमान के रक्षा मंत्रालय ने भी इस सलाह को मानने का आह्वान किया है।

## सूचना के बिना अज्ञानता दूर नहीं हो सकती : हरिवंश



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने रविवार को कहा कि जिस तरह सूर्य के बिना अंधेरा नहीं मिट सकता, वैसे ही सूचना के बिना अज्ञानता दूर नहीं हो सकती। हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दिल्ली स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) तथा माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल द्वारा आयोजित दो-दिवसीय कार्यक्रम हिन्दी पत्रकारिता द्विशताब्दी महोत्सव के समापन के अवसर पर कही। इस कार्यक्रम में हिन्दी पत्रकारिता : भविष्य, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर आधारित है। इस सत्र के दौरान आईआईएमसी के प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा संपादित पुस्तक पारखी दृष्टि में समग्र भारतीय पत्रकारिता का भी लोकार्पण किया गया। हरिवंश जी के अनुसार, भारत के पहले हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्त्तण्ड' के मास्टहेड के नीचे एक संस्कृत श्लोक अंकित था, जिसका मूल भाव था: जिस प्रकार सूर्य के प्रकाश के बिना अंधकार का नाश नहीं हो सकता, उसी प्रकार सूचनाओं के बिना अज्ञानता दूर नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य से मैं इस समाचार पत्र के प्रकाशन का प्रयास कर रहा हूँ। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता का मूल धर्म भी यही है समाज से अज्ञानता के अंधेरे को मिटाना। इसका एक सटीक उदाहरण 05 सितंबर 1826 को इसी अखबार में छपी एक रिपोर्ट है, जिसका शीर्षक था 'विलायती कपड़ा'। इस खबर में देश के आर्थिक दोहन का बारीक गणित सामने रखा गया था। रिपोर्ट में सवाल उठाया गया कि जो ब्रिटिश कपड़ा नौ साल पहले तक सालाना सिर्फ डेढ़ लाख रुपये का आता था, वह देखते ही देखते 60 करोड़ रुपये तक कैसे पहुँच गया? हरिवंश ने कहा कि आज से दो सदी पहले, एक पत्रकार यह बखूबी समझ रहा था कि भारत की गुलामी की असली जड़ आर्थिक शोषण है। लेकिन आज, जब हम हिंदी पत्रकारिता का द्विशताब्दी वर्ष मना रहे हैं, तो हमें आत्ममंथन करना होगा। सवाल यह है कि जिस 'देश और समाज' की चिंता से इस पत्रकारिता का जन्म हुआ था, आज की पत्रकारिता में वह देश कहाँ है? क्या आज का मीडिया देश के बुनियादी आर्थिक सवालों को लेकर उतना ही सजग है?

### राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर याद किये गये आदर्श, समाज उत्थान पर हुई चर्चा

# महिलाओं से सामाजिक दायित्वों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** पाल महासंघ गढ़वा की ओर से राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल के नेतृत्व में नीलांबर-पीतांबर भवन के समीप स्थापित राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर महासंघ के सचिव रमेश पाल ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिये उल्लेखनीय कार्य किये। एक साधारण परिवार से निकलकर अहिल्याबाई ने सेवा, न्याय और लोककल्याण की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की, जो आज भी समाज के लिये प्रेरणास्त्रोत है। उप सचिव बुद्धदेव पाल ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर को नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुये महिलाओं से सामाजिक दायित्वों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और अहिल्याबाई का जीवन इस दिशा में प्रेरणा प्रदान करता है। माल्यार्पण कार्यक्रम के बाद पाल महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने युवा समाजसेवी राकेश पाल के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में समाज के विकास, शिक्षा, सामाजिक एकता और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। राकेश पाल ने सभी पाल परिवारों से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और समाज के उत्थान के लिये मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने वर्ष 2026 में पाल महासंघ का एक सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा, जिसका उपस्थित सदस्यों ने स्वागत किया। मौके पर उपाध्यक्ष उमेश पाल, उप सचिव सुरेंद्र पाल, जिला संरक्षक सुखबीर पाल, रामावतार पाल, अशर्फी पाल, विजय पाल, रामदास पाल, रामसकल पाल, भोगनाथ पाल, विवेकानंद पाल, योगेंद्र पाल, अभय पाल, दिलीप पाल, अमरदीप पाल, नितेश पाल, शिवकुमार पाल, रंजन पाल, सुमित पाल समेत पाल समाज के कई लोग उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)